प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 26.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- बीजेपी सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से चुने गये 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें समूचे सदन की तरफ से दी बधाई।

2- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा – 8 प्रतिशत की विकास दर हासिल करने की ओर बढ़ रहा है देश।

3- मॉनसून में देरी के कारण राज्य के कई जिलों में सुखाड़ की संभावना, धनबाद, रांची, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में औसत से कम बारिश।

4- राष्ट्रीय हॉकी कैंप में झारखंड की पांच खिलाड़ियों का हुआ चयन।

*******************

भारतीय जनता पार्टी के ओम बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने गए हैं। उन्हें ध्वनिमत से निर्वाचित घोषित किया गया। कांग्रेस ने इस पद के लिए के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था। पार्टी ने अध्ययक्ष पद के निर्वाचन के दौरान मतविभाजन की मांग नहीं की। अध्यक्ष चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, ओम बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। ओम बिरला को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री बिरला ने दोबारा निर्वाचित होकर इतिहास बनाया है। उन्हों्ने कहा कि अगले पांच वर्षों तक वे हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सदन को सुचारू रूप से चलाने में विपक्ष के सहयोग का आश्वासन दिया।

*******************

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने की ओर बढ रहा है। मुम्बई में कल उन्होंने कहा कि भारत की विकास प्रक्रिया में विभिन्न सेक्टर और संरचनात्मक सुधारों का योगदान रहा है। वस्तु और सेवाकर की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। शक्तिकांत दास ने कहा कि अन्य देशों के मुकाबले भारत में जीएसटी अधिक तेजी से स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि मासिक जीएसटी संग्रह एक लाख सत्तर हजार करोड रूपये तक पहुंच चुका है और इससे व्यवसाय अधिक सुविधाजनक हुआ है।

*******************

राज्य मंत्रिपरिषद की आगामी बैठक 28 जून को होगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय ने विभागों से प्रस्ताव मांगा है।

*******************

राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन थोड़ी देर में धनबाद पहुंच रहे हैं। यहां वे कुल तीन सौ तिरासी करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। इसमें 167 योजनाओं का शिलान्यास होगा। धनबाद नगर निगम की सर्वाधिक 88 योजनाओं का शिलान्यास और 97 योजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों एवं बल को लगाया गया है।

*******************

विश्व आज मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर देशभर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए रैलियां तथा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष का विषय है, साक्ष्य स्पष्ट है–रोकथाम में निवेश करें। नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ मनाये जा रहे इस दिवस के अवसर पर नारकोटिक्स कंट्रोल

ब्यूरो–एनसीबी ने देशभर में 12 जून से आज तक, नशा मुक्त भारत पखवाड़ा– विषय से एक पखवाडे का भी आयोजन किया है।

*******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नशा मुक्त झारखंड के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाकर जन–जन को नशा के दुष्प्रभाव की जानकारी दी जा रही है। गांव, मोहल्ला, पंचायत, प्रखंड, जिला एवं राज्य स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार कर लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील की जा रही है।

*******************

सरायकेला के एनआर प्लस टू उच्च विद्यालय से मैराथन रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड दौड़ की शुरूआत हुई। आज सुबह आठ बजे जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा और अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति की अगुवाई में मैराथन शुरू हुई और बिरसा मुंडा स्टेडियम पहुंची।

*******************

गुमला जिला समाज कल्याण विभाग और खेल विभाग की ओर से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जिला स्तरीय मैराथन रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रन फॉर ड्रग फ्री झारखंड थीम पर आधारित मैराथन दौड़ सावित्री बाई फुले पुस्तकालय से चैनपुर मोड़ तक किया गया। इसमें 200 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

राज्य में मॉनसून के आगमन की देरी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कई जिलों में सुखाड़ की आशंका जतायी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार धनबाद, रांची, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में औसत से काफी कम बारिश हुई है। वहीं विभाग के अनुसार अगले दो दिनों से गर्मी बढ़ने के बाद मॉनसून सक्रिय होगा।

*******************

पलामू जिले में मॉनसून में देरी के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्हें लगातार तीसरी बार सुखाड़ का सामना करने की चिंता सता रही है।

*******************

हजारीबाग के ईचाक थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे सगे भाई थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि बच्चों की दादी की मौत दस दिन पूर्व ही हुई थी। घर में दशकर्म चल रहा था इसी दौरान बच्चे तालाब में नहाने गये जहां गहरे पानी में जाने की वजह से उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा है।

*******************

पाकुड में जिला सड़क सुरक्षा प्रवर्तन जांच दल ने मालपहाडी आउट पोस्ट क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान दर्जनों दो पहिया वाहनों के मालिकों से जुर्माना राशि वसूला गया अभियान में 49 हजार 500 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया।

*******************

सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत नीमड़ीह थाना क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों के झुंड का आतंक देखने को मिला है । कल रात 10 से 12 की संख्या में जंगली हाथियों के झुंड ने गांव के दो घरों ओर धावा बोल दिया । जिससे दो कच्चे मकान ध्वस्त हो गए । वहीं शॉर्ट सर्किट होने के कारण 6 घरों में भीषण आग भी लग गई।

*******************

भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए राज्य की पांच खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इन पांच खिलाड़ियों में चार खिलाड़ी नीरू कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर और निशा मिंज सिमडेगा जिले की रहने वाली हैं और एक खिलाड़ी बिनीमा धान खूंटी जिले की हैं। राष्ट्रीय कैंप बेंगलुरू के साईं सेंटर में चलेगा। कैंप के बाद भारतीय टीम का चयन होगा।

*******************

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के मौके पर सोनारी में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता गुरुजात संघ एवं जिला कबड्डी संघ की तरफ से आयोजित की गई।

*****समाप्त*************